# जन प्रकाशन

सत्य ○ साहस ○ सरोकार

इन्दौर-भोपाल से एकसाथ प्रकाशित

janprakashan@gmail.com | www.janprakashan.com

वर्षः 10 | अंकः 30 | इंदौर | गुरुवार, 20 - 26 जनवरी 2023 | पृष्ठः 08 | मूल्यः 02 रुपए


## भारत vs न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच की टिकट्स ब्लैक में बेचने वाले 02 आरोपी

# क्राइम ब्रांच इंदौर की कार्यवाही में गिरफ्तार





राजेश हिंगणकर
एडिशनल कमिश्नर

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

शहर में आयोजित होने वाले क्रिकेट मैच की टिकटों की कालाबाजारी एवं टिकटों की हेराफेरी करने वाले आरोपियों की धरपकड़ करने हेतु इंदौर पुलिस को निर्देशित किया गया था। जिसके तारतम्य में आरोपियों पर कार्यवाही हेतु अपराध शाखा की टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

इसी कड़ी में कार्यवाही के दौरान क्राईम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी राजेंद्र नगर क्षेत्र में सेतु ब्रिज के पास में क्रिकेट का टिकट्स ब्लैक में बेचने के लिए दो व्यक्ति आने वाले हैं। मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच टीम नें मुखबिर के बताये स्थान से मुताबिक योजना के आरोपी (1). गर्व जैन नि. वैभव नगर कनाडिया रोड इन्दौर, (2). रुद्र नागर नि. मुराई मोहल्ला छावनी इन्दौर को पकडा। जिनके कब्जे से भारत vs न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच के 05 टिकट्स बरामद किए गए। आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि शहर में होने वाले आगामी भारत vs न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच की टिकट्स लोगो को निर्धारित कीमत से अधिक कीमत में बेचकर जल्दी से ज्यादा पैसे कमाने की नियत से टिकट्स ब्लैक करना कबूला।

क्रिकेट मैच की टिकट्स ब्लैक करने वालो के संबंध में भी पूछताछ करते हुए, दोनो आरोपियों के विरुद्ध मनोरंजन कर अधिनियम के तहत् थाना अपराध शाखा के द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

---



चंकि बाजपेयी
सिटी रिपोर्टर

# इंदौर में जी 20 की तैयारिया शुरू

## इंटेलिजेंस की एक टीम सुरक्षा व्यवस्था का अध्ययन करने पहुंची तिरुवंतपुरम



**इंदौर/ जन प्रकाशन**

भारत का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर लगातार कई आयामों को छूता नजर आ रहा है और इसी के तहत प्रवासी भारतीय सम्मेलन वा ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट जैसे बड़े आयोजन सफलतापूर्वक इंदौर पुलिस व तमाम सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कराएगा है और इसी तारतम्य में आगमी फरवरी माह के दूसरा सप्ताह में आयोजित होने वाले जी 20 बैठक कई शहरों में आयोजित हो रही है इनमें से एक बड़ी बैठक इंदौर के खाते में भी दर्ज की गई है।

बात करे जी-20 समूह की तो यह एक ऐसा समूह है जोकि देश की आर्थिक और वित्तीय गतिविधियों को एक मंच पर साझा करने वाली बैठक है जिसमे पर्यावरण वा जलवायु, एनर्जी पावर, डिजिटल इकोनामिक, एग्रीकल्चर, संस्कृति सहित तमाम मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित होगी और इसी लिए जी 20 देश के सदस्य हिस्सा लेते हैं जोकि इंप्रूवमेंट आर्थिक व विधि सहित तमाम मुद्दों पर एकमत होकर चर्चा करते हैं बैठक इंदौर शहर के शेरेटन ग्रांड पैलेस मैं आयोजित होगी जिसकी तारीख 13 से 15 फ़रवरी बताई जा रही हैं।

जी 20 के सदस्यों का सदस्य भारत इस बार मेजबानी की भूमिका में तो वही ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, इटली, जापान, मेक्सिको, कोरिया गणराज्य, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण, अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, सहित संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ के देश भी हिस्सा ले सकते हैं।

इंदौर में होने वाली जी 20 बैठक एग्रीकल्चर से जुड़े सेक्टर के क्षेत्र चर्चा की जाएगी इसी के साथ जी 20 बैठक में अतिथि देश विश्व का करेंगे जिनमें बांग्लादेश, मॉरिशस, नीदरलैंड, ओमान, नाइजीरिया, स्पेन, सिंगापुर, मिस्र संहिता अन्य देश भी शामिल किए गए हैं।

वहीं सुरक्षा की अगर बात की जाए सुरक्षा की तो इंदौर पुलिस द्वारा तमाम तरह के मापदंड सुनिश्चित किए जा रहे हैं जी 20 बैठक को लेकर डीसीपी संपत उपाध्याय द्वारा बताया गया कि जी 20 की मेज़बानी भारत कर रहा है यह हमारे लिए काफी हर्ष का विषय है इसकी दो बैठक मध्य प्रदेश में आयोजित होगी जिनमें एक बैठक भोपाल में तो एक बैठक इंदौर में होगी इसी के लिए इंदौर में जी 20 की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए इंटेलिजेंस की टीम तिरुअनंतपुरम मैं हो रहे जी 20 की बैठक में सुरक्षा मापदंड को लेकर पहुंची है ताकि वहां किस तरह की सुरक्षा दी जा रही है और क्या मापदंड है उसका बारीकी से अध्ययन करेगी और उसके बाद इंदौर में होने वाले जी 20 मैं भी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी बैठक का स्थान सुनिश्चित हो चुका है तो वहीं सदस्यों के ठहराने के लिए होटलों मे व्यवस्था की गई है जहां पर कार्यक्रम होना है वहां पर तैयारी जिला प्रशासन द्वारा कराई जा रही है इसी के साथ जी 20 मैं आने वाले सदस्य शहर के भ्रमण पर भी जा सकते हैं उसको लेकर भी सुरक्षा के लिए तैयारियां की जा रही है।



*इंदौर जी 20 बैठक को लेकर तमाम तरह की तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है इंदौर की इंटेलिजेंस की टीम तिरुवंतपुरम में हो रही जी 20 की बैठक में सुरक्षा के मापदंड का अध्ययन करने पहुंची है और उसी आधार पर इंदौर में भी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।*

**संपत उपाध्याय**
**डीसीपी जोन 2**

## जी20 कार्यक्रम

- **2-4 फरवरी**
  स्थान : जोधपुर, राजस्थान
  इवेंट : पहली एम्प्लॉयमेंट वर्किंग ग्रुप मीटिंग।
- **2-3 फरवरी**
  स्थान : गुवाहाटी, असम
  इवेंट : पहली सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप मीटिंग।
- **5-7 फरवरी**
  स्थान : बेंगलुरु, कर्नाटक
  इवेंट : पहली एनर्जी वर्किंग ग्रुप मीटिंग।
- **8-0 फरवरी**
  स्थान : बेंगलुर, कर्नाटक
  कार्यक्रम : पहली पर्यावरण और जलवायु कार्य समूह की बैठक।
- **8-40 फरवरी**
  स्थान : कच्छ का रण, गुजरात
  कार्यक्रम : पहली टूरिज्म वर्किंग ग्रुप मीटिंग।
- **13-15 फरवरी**
  स्थान : इंदौर, मध्य प्रदेश
  घटना : पहली कृषि कार्य समूह की बैठक।
- **13-15 फरवरी**
  स्थान : लखनऊ, उत्तर प्रदेश
  इवेंट : पहली डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप मीटिंग।
- **21-22 फरवरी**
  स्थान : बेंगलुरु, कर्नाटक
  इवेंट : दूसरी वित्त और सेंट्रल बैंक डेप्युटी मीटिंग।
- **23-25 फरवरी**
  स्थान : खजुराहो, मध्य प्रदेश
  घटना : पहली संस्कृति कार्य समूह की बैठक।
- **23-25 फरवरी**
  स्थान : बेंगलुरु, कर्नाटक
  कार्यक्रम : पहली वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक।

## संपादकीय

# सकारात्मक सोच मनुष्य का सबसे बड़ा धन

जनप्रकाशन



मनोज चौबे
प्रधान संपादक

**सकारात्मक सोच मनुष्य का सबसे बड़ा धन है। एक सफल व्यक्ति वही है जिसकी सोच हर परिस्तिथि में पॉजिटिव रहती है। इंसान को कामयाबी भी तभी मिलती है, जब वह सकारात्मक रहता है और सोचता है। आप पुरुष हैं इसलिए सकारात्मकता जरूरी है, ऐसा नहीं। असल में पॉजिटिव थिंकिंग करियर के साथ-साथ परिवार और समाज के लिए भी जरूरी है। निगेटिव थिंकिंग वाालों के आसपास एक नकारात्मक माहौल बना रहता है। इसका असर उनके साथ दूसरों पर भी होता है। यह मानसिक रूप से नुकसान पहुंचाता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में, पुरुष कई बार उत्तेजित हो जाते हैं। उनकी व्यस्त जिंदगी उन्हें केवल आगे बढ़ने का संकेत देती है। इसके अलावा उनके हाथ में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस उनको अलग-अलग डिजिटल दिशा की ओर ले जाती है, जहां आंतरिक शांति उनके लिए बहुत जरूरी हो जाती है। एक पुरुष के रूप में यह उनके लिए सच्चाई है। इसलिए सोचिए आप उस तरीके पर विचार क्यों नहीं करते जो आपको सचेत रख सके और दुनिया की सारी मुश्किलों का सामना करने के लिए तैयार कर सके? ऐसे तरीके जो आपकी सोच को सकारात्मक बना सकते हैं...**

### मेडिटेशन है जरूरी

मेडिटेशन (दिमागी अभ्यास) एक बेहतरीन तरीका है, ताकि आप बेहतर प्रबंध के साथ अच्छे समय का आनंद उठा सकें। यह आपको एकाग्रचित कर आपकी स्मरणशक्ति बढ़ाने में मदद करेगा। अगर आप सोच रहे हैं कि आपका परिवार, आपके साथी, बच्चे, बास, सब खुश सिर्फ इसलिए रह सकते हैं क्योंकि आप ऐसा चाहते हैं। तो बिल्कुल नहीं !! बल्कि इसके लिए उनको एक उचित वातावरण और अनुकूल परिस्थितियां, देनी होंगी। अपने भीतर एक सकारात्मक माहौल पैदा करना होगा। मेडिटेशन से आप नेगेटिव एनर्जी को दूर कर सकते हैं।

### नजरिया बदले

पुरुष यदि अपना नजरिया बदल लें, तो बहुत सी परेशानीयों से निजात पाने में सफल हो सकते हैं।आपकी खुशियां या गम आपके नजरिए से जुड़ी होती हैं। यदि आप हर बात में नेगेटिव सोचते हैं तो यह आप पर ही नहीं आपके आसपास के माहौल पर भी अपना असर डालेगी। दुनिया में कई ऐसे लोग है, जो जीवन में कठिन परिस्थितियों में भी हमेशा मुस्कुराते रहते हैं। साथ ही ऐसे भी बहुत से लोग मिल जाएंगे जिनके पास सब कुछ होगा, फिर भी वे परेशान होंगे। आपको तय करना होगा कि आप अपनी लाइफ को किस तरह से देखते हैं आसान या और मुश्किल?

### सेहत पर ध्यान दें

आज की भागमभाग वाली जीवनशैली में हर पुरुष बिजी है और शायद इतना कि उनके पास अपने लिए ही टाइम नहीं है। इस कारण उनकी वर्क लाइफ और पर्सनल लाइफ दोनों मिक्स सी हो गई हैं और इसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। क्या आप इतना खुश रह पाते हैं जितना आपको होना चाहिए? नहीं ना! आप सब अपनी खुशी के बारे में सोचना भूलते जा रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि आप खुद की देखभाल करें। अपने बिजी शेड्यूल में से थोड़ा समय अपने लिए निकालें। जो केवल सिर्फ आपका हो। आपकी सकारात्मक सोच हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है। सप्ताह में कोई एक दिन सिर्फ अपने लिए चुने। इस तरह आप बिजी शेड्यूल में भी अपने आपको फिट रख सकते हैं।


### सकारात्मक सोच वाले लोगों से मिले

आपके आसपास के माहौल का भी सोच पर असर पड़ता है। कई बार नौकरी, बिजनेस या परिवार से संबंधित किसी न किसी बात के कारण भी आप नेगेटिव सोचने लगते हैं। अपने ऑफिस में पॉजिटिव थॉट वाले नोट्स का यूज करें। ताकि आपकी सोच सकारात्मक बनी रहे और जल्दी हार न माने।

सा.

# नफरती बयानों पर तुरंत रोक लगे

जनप्रकाशन



डॉ. वेदप्रताप वैदिक
(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद् के अध्यक्ष और अफगान मामनों के विशेषज्ञ)
dr.vaidik@gmail.com

सर्वोच्च न्यायालय का सरकार से यह आग्रह बिल्कुल उचित है कि नफरती बयानों पर रोक लगाने के लिए वह तुरंत कानून बनाए। यह कानून कैसा हो और उसे कैसे लागू किया जाए, इन मुद्दों पर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि संसद, सारे जज और न्यायविद् और देश के सारे बुद्धिजीवी मिलकर विचार करें। यह मामला इतना पेचीदा है कि इस पर आनन-फानन कोई कानून नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि देश के बड़े से बड़े नेता, नामी-गिरामी बुद्धिजीवी, कई धर्मध्वजी और टीवी पर जुबान चलानेवाले दंगलबाज- सभी अपने बेलगाम बोलों के लिए जाने जाते हैं। कभी वे दो टूक शब्दों में दूसरे धर्मों, जातियों, पार्टियों और लोगों पर हमला बोल देते हैं और कभी इतनी घुमा-फिराकर अपनी बात कहते हैं कि उसके कई अर्थ निकाले जा सकते हैं। वैसे अखबार तो इस मामले में जरा सावधानी बरतते हैं। यदि वे स्वयं सीमा लांघें तो उन्हें पकड़ना आसान होता है लेकिन टीवी चैनल और सामाजिक मीडिया में सीमाओं के उल्लंघन की कोई सीमा नहीं है। अकेले उत्तर प्रदेश में सिर्फ पिछले एक साल में ऐसे मामलों की 400 प्रतिशत बढ़ोतरी हो गई है। वहां और उत्तराखंड में 581 ऐसे मामले सामने आए हैं। 2008 से लेकर अब तक हमारे टीवी चैनलों पर ऐसे आपत्तिजनक बयानों पर 4000 शिकायतें दर्ज हुई हैं। अखबार में छपे हुए नफरती बयानों से कहीं ज्यादा असर टीवी चैनलों पर बोले गए बयानों का होता है। करोड़ों लोग उन्हें सुनते हैं और उस पर उनकी प्रतिक्रिया तुरंत होती है। उदयपुर में एक दर्जी की हत्या कैसे हुई और कुछ प्रदेशों में दंगे कैसे भड़के? ये सब टीवी चैनलों की मेहरबानी के कारण हुआ। हमारे ज्यादातर टीवी चैनल अपनी दर्शक-संख्या बढ़ाने के लिए कोई भी दांव-पेंच अख्तियार कर लेते हैं। उन्हें न राष्ट्रहित की चिंता होती है और न ही वे सामाजिक सद्भाव की परवाह करते हैं। ऐसे मर्यादाहीन चैनलों को दंडित करने के लिए कड़े कानून बनाए जाने चाहिए। यदि ऐसे कानून बन गए तो ये चैनल हर वाद-विवाद को रेकार्ड करके पहले संयमित करेंगे और फिर उसे अपने दर्शकों को दिखाएंगे। इससे भी ज्यादा करूण कहानी तथाकथित सामाजिक मीडिया (सोश्यल मीडिया) की है। इसका नाम 'सामाजिक' है लेकिन यह सबसे ज्यादा 'असामाजिक' हो जाता है। यदि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अद्भुत मंच है लेकिन इसका जितना दुरूपयोग होता है, किसी और माध्यम का नहीं होता। इसको मर्यादित करने के लिए भी कई उपाय किए जा सकते हैं। सरकार ने अश्लीलता के विरुद्ध तो कुछ सराहनीय कदम उठाए हैं लेकिन नफरती सामग्री के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जरूरत है।। **ये लेखक के अपने विचार है)**

# सांवेर को सड़क की सौगात

## मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा विकास के मामले में मुझ से भी आगे हैं मंत्री तुलसीराम सिलावट

### हर विद्यालय में बनेगी बाउंड्रीवालः- महेन्द्र सिंह सिसोदिया

इंदौर/ जन प्रकाशन



सांवेर विधानसभा क्षेत्र को आज 69 करोड़ रुपये लागत की सड़क निर्माण की बड़ी सौग़ात मिली। लोक निर्माण विभाग मंत्री गोपाल भार्गव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी और इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने एक अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ निर्माण के लिये भूमि पूजन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक निर्माण विभाग के मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि विकास के मामले में मंत्री तुलसीराम सिलावट उनसे भी आगे हैं। लगभग 39 साल पहले सिलावट और वे एक साथ मध्यप्रदेश विधानसभा में निर्वाचित होकर पहुँचे थे। उस समय सिलावट में जितनी ऊर्जा थी, आज उससे भी दुगुनी उर्जा के साथ वे काम कर रहे हैं। इस बात का उन्हें बहुत आश्चर्य है। उन्होंने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रति जैसी निष्ठा उनमें है, वह अनुकरणीय है। सिलावट जितना विकास का काम करा ले जाते हैं उतना तो वे स्वयं भी नहीं करा पाते।

मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में चौतरफ़ा विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि समूचे मध्यप्रदेश में लगभग 900 सड़कों के उन्नयन और मज़बूतीकरण के लिए कार्य प्रारंभ हो गया है। आने वाले चार महीनों में मध्यप्रदेश की सभी सड़कें बेहद अच्छी स्थिति में हो जाएंगी। मंत्री सिलावट की माँग पर मंत्री गोपाल भार्गव ने सांवेर क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सभी सड़कों और भवनों के उन्नयन की माँगों पर स्थानीय अधिकारियों को परीक्षण कर डीआरपी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास कार्यों को देखकर उन्हें हार्दिक प्रसन्नता है। मंत्री तुलसीराम सिलावट में अनूठा राजनैतिक चातुर्य है। सांवेर के लिए उनके मन में काम करने का गहरा जुनून है। उनके कर्मठ और ऊर्जावान नेतृत्व से सांवेर में हर दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत सांवेर क्षेत्र में ग्रामीण सड़कों और भवनों का काम स्वीकृत किया गया है। यहाँ स्वच्छता मिशन में हर एक गाँव में नालियों को पक्का बनाया जाने का कार्य किया जायेगा है। मंत्री सिसोदिया ने कहा कि मध्यप्रदेश के प्रत्येक स्कूल में बाउंड्री वॉल बनाने का निर्णय मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लिया गया है। अकेले सांवेर विधानसभा क्षेत्र में 18 करोड़ रुपये की राशि विभिन्न विद्यालयों में बाउंड्रीवाल बनाने के लिए स्वीकृत की गई है।

मंत्री सिसोदिया ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार ग्रामीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई में प्रदेश सरकार में मनरेगा की मज़दूरी बढ़ाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्व सहायता समूहों को मज़बूत बनाया जा रहा है। गणवेश तैयार करने का काम भी स्व सहायता समूहों को सौंपा गया है।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज के दिन को सांवेर विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास की दिशा में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि आज यहाँ उमंग और उत्साह का वातावरण है। आज सड़क का भूमिपूजन किया गया है। उससे लगभग 22 गांवों के ग्रामीण जन लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि क्षिप्रा में एक करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से जल संसाधन विभाग द्वारा घाटों का उन्नयन कराया गया है। मंत्री सिलावट ने कहा कि आज सांवेर विधानसभा क्षेत्र में पुल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, मेट्रो ट्रेन सभी क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल हुई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि मंत्री सिलावट के सरलता और सहजता एक मिसाल है। और सांवेर में उनकी सक्रियता से विकास के अनेक काम हो रहे हैं। पूर्व विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने अपने संबोधन में कहा कि मंत्री सिलावट के नेतृत्व में सांवेर में विकास का पहिया तेज़ी से घूमा है। यह सड़कों के क्षेत्र में अधिक साधन सम्पन्न बना है। कार्यक्रम में सांवेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की दो परियोजनाओं के अंतर्गत 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एंड्रॉयड स्मार्टफ़ोन का वितरण भी किया गया।

# आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय की स्थायी समिति इंदौर में समिति ने केन्द्र सरकार की योजनाओं समीक्षा की

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय की संसदीय स्थाई समिति इंदौर पहुचीं। समिति ने इंदौर में चल रही केन्द्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा ओर सम्बंधित विभागों से जानकारी प्राप्त की। समिति अपनी रिपोर्ट लोकसभा में प्रस्तुत करेगी।

आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय की संसदीय स्थाई समिति इंदौर पहुचीं। समिति के अध्यक्ष सांसद राजीव रंजन ललन सिंह की अगुवाई में आई तीस सदस्यों की टीम तीन रहेगी। टीम इंदौर,उज्जैन,ओर ओंकारेश्वर आदि स्थानों का दौरा करेगी। टीम केन्द्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा करेगी। टीम यह देखेगी कि योजनाओं की धरातल पर स्थिति क्या है। समिति ने बुधवार को इंदौर समीक्षा बैठक ली।



रेडिसन होटल में आयोजित बैठक में समिति ने इंदौर में चल रहे मेट्रो रेल प्रोजेक्ट, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट,अमृत योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ओर स्वच्छता भारत मिशन सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की। प्रजेंटेशन के जरिए जानकारी दी गई। समीक्षा के दौरान ज़िम्मेदार विभागों से चर्चा कर कार्यो की जानकारी भी प्राप्त की। बैठक में इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ओर राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार भी मौजूद थी।

निगमायुक्त प्रतिभा पाल द्वारा इंदौर में केन्द्र सरकार की चल रही योजनाओं की जानकारी दी। समिति ने बैठक साथ ही इंदौर के ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण करने के साथ स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के शहर में चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया। समिति द्वारा इंदौर के बाद गुरुवार, 19 जनवरी को उज्जैन एवं शुक्रवार, 20 जनवरी को ओम्कारेश्वर का दौरा किया जाएगा। ओम्कारेश्वर में खंडवा के विकास से सम्बंधित योजनाओं पर चर्चा होगी।

आवासन एव शहरी विकास मंत्रालय की स्थायी समिति के सदस्य और इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने हिंदुस्तान मेल को बताया कि स्थाई समिति केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा करने आई है। समिति इंदौर में केंद्र सरकार की योजनाओं का जमीनी कामकाज देखने आई है। समिति यहाँ के बाद , उज्जैन और ओम्कारेश्वर का दौरा करेगी। सांसद लालवानी ने बताया कि समिति इंदौर की स्वच्छता और ट्रेंचिंग ग्राउंड में किए गए कायाकल्प का जायजा लेगी। इंदौर के मॉडल को पूरे देश मे कैसे लागू किया जा सकता है इसका अध्ययन होगा और कार्ययोजना बनाई जाएगी। समिति सभी स्थानों का दौरा ओर योजनाओं का अध्ययन करने के बाद अपनी रिपोर्ट लोकसभा में प्रस्तुत करेगी।

# टीवी एक्टर्स वैशाली आत्महत्या मामले में आरोपी राहुल नवलानी को मिली जमानत...

## राहुल नवलानी पर लगे आरोप में पुलिस नहीं कर पाई कोई भी एविडेंस कोर्ट में पेश...



**इंदौर/ जन प्रकाशन**

जप्त इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस का डाटा अब तक रिकवर कर कर कोर्ट में पुलिस ने नहीं किया था पेश इसी आधार पर राहुल नवलानी को मिली जमानत...

15 अक्टूबर की रात को टीवी एक्टर्स वैशाली ठक्कर ने की थी आत्महत्या...

वैशाली ठक्कर द्वारा लिखे सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने राहुल नवलानी को बनाया था आरोपी...

# गणतंत्र दिवस का पर्व उत्साह और धूमधाम से मनाया जाएगा

## आयोजन को लेकर ज़ोरदार तैयारियां जारी



**इंदौर/ जन प्रकाशन**

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम और व्यापक रूप से मनाया जाएगा। इस मौके पर आकर्षक झाकियां निकाली जाएगी।

वही गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रवासी भारतीय सममेलन ओर गलोबल इन्वेस्टर समिट में कार्य करने अफ़सर व कर्मचारियों का सम्मान भी किया जाएगा। मुख्य समारोह नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां जारी है।

इंदौर शहर और जिले में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम ओर उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जिसको लेकर व्यापक तैयारियां जारी हैं। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंदौर जिले में मुख्य समारोह सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्य समारोह नेहरू स्टेडियम आयोजित होगा। समारोह धूमधाम से ओर गरिमापूर्ण आयोजित किया जायेगा। समारोह की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा समारोह की सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूरी करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर अजय देव शर्मा, अभय बेड़ेकर, राजेश राठौर, आर.एस. मण्डलोई, सपना लोवंशी ओर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी वंदना शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अफसर मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिये विभागवार दायित्व सौंपे। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी विभाग सौंपे गये कार्यों को पूर्ण गंभीरता के साथ करें। समारोह आयोजन की सभी तैयारियां राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप हो। बैठक में बताया गया कि विभिन्न प्लाटूनों द्वारा परेड प्रस्तुत की जायेगी। राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक झांकियां भी विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जायेंगी। इस बार राजस्व विभाग की झांकी भी समारोह में शामिल होगी। इसके अलावा जिला पंचायत, नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण, उद्योग, जेल, महिला बाल विकास, आदिम जाति कल्याण, सामाजिक न्याय, वन, शिक्षाा, स्वास्थ्य, यातायात पुलिस, कृषि, उद्यानिकी आदि विभागों द्वारा नयनाभिराम झांकियां निकाली जायेंगी। समारोह स्थल पर आकर्षक साजसज्जा भी की जायेगी। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने निर्देश दिए कि झांकियों के प्रस्तुतीकरण और विषय-वस्तु पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में बताया गया कि प्रवासी भारतीय सम्मेलन और इन्वेस्टर्स समिट के दौरान कार्य करने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारी को पुरस्कृत किया जाएगा। इसी के साथ ही वर्ष भर उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों से 20 जनवरी तक प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में अपर कलेक्टर अभय बेड़ेकर को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# वरिष्ठ नागरिकों का समाधान केंद्र बन रहा है पुलिस पंचायत इंदौर



**इंदौर/जन प्रकाशन**

संभवतः भारतवर्ष में पुलिस विभाग द्वारा इंदौर शहर में वरिष्ठ नागरिकों की प्रताड़ना से राहत देने का कार्य पुलिस पंचायत के धरातल पर सेवा का कार्य किया जा रहा है।

डॉ प्रशांत चौबे एडिशन डीसीपी के द्वारा बताया गया कि विगत 4 वर्षों में काउंसलिंग टीम के डॉक्टर आर डी यादव, पुरुषोत्तम यादव, वि. डी. कुश गोतीया, सनी मोदी, संजय सांवरे के समर्पित प्रयासों से हजारों की संख्या में प्रकरणों का समाधान किया गया है।

डॉ.चौबे द्वारा बताया कि हीरा नगर थाना क्षेत्र सुखलिया में रहने वाले 75 वर्षीय वृद्ध के ज्योतिष का काम कर रहे शराबी पुत्र वर्तमान में एन जी ओ में कार्यरत के द्वारा पिता को शराब पीकर प्रताड़ित करना ,गाली गलौज करना साथ में भरण पोषण नहीं देने की शिकायत की एवं पिता के मकान में रहने वाले किरायेदारों से किराया नहीं ले लेने की शिकायत की गई ।किराया ही वृद्ध का जीवो को पार्जन का साधन है !

पुलिस पंचायत के काउंसलिंग के पश्चात पुत्र के द्वारा आगे से शराब नहीं पीने का संकल्प लिया एवं पिता को आगे से किसी प्रकार से परेशान नहीं करेगा लिखित सहमति की एवं पिता की सेवा करूंगा।

डॉ.चौबे द्वारा बताया गया कि चंदन नगर थाना क्षेत्र में स्कीम नंबर 71 में रहने वाली विधवा वृद्ध 67 वर्षीय पुलिस पंचायत में शिकायत की उसके किराएदार के द्वारा विगत 6 माह से किराया नहीं दिया जा रहा है ना खाली कर रहा है अनुबंध समाप्त हो चुका है !

पुलिस पंचायत की काउंसलिंग के बाद किराएदार ने 1 फरवरी को खाली करने के साथ में उसके पूर्व पूरा किराया भी दे देगा लिखित में सहमति दी स्वयं किराएदार के द्वारा कबूल किया गया कि लॉकडाउन के समय में विधवा वृद्धके द्वारा खाने पीने की व्यवस्था भी की गई थी वह राजी खुशी से मकान खाली करा देगा।

डॉ.चौबे के द्वारा बताया गया कि द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रहने वाले 65 वर्षीय वृद्ध के द्वारा जो पुत्र की प्रताड़ना के पश्चात स्वयं महू नाके की पुलिस चौकी के पास में सड़क पर गुजारा कर रहा है !

पुत्र के द्वारा से 407000 लेकर बाहर निकाल दिया है भरण पोषण भी नहीं दे रहा है इस शिकायत पर पुत्र के द्वारा पुलिस पंचायत की समझाइश के बाद तुरंत 30000 पिता के बैंक अकाउंट खोल कर डालेगा और समय-समय पर वह राशि स्वयं की व्यवस्था अनुसार जमा करता रहेगा लिखित सहमति दी।

डॉ.चौबे द्वारा बताया गया कि तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में 65 वर्षीय वृद्ध ने कर्ज में डूबे होने के कारण अपना मकान बेचा एवं पुत्र के द्वारा क्रय किए जाने वाले स्वामी को अनाधिकृत रूप से कब्जा नहीं दे रहा था जिससे वृद्ध को शेष राशि लेना थी।

शराब पीकर पिता को मारने की धमकी दे रहा था।पुलिस पंचायत के समझौते के पश्चात पिता ने मकान से मिलने वाली राशि मे से उसके पोते के नाम 1000000 रुपए जमा करने की स्वेच्छा से सहमति दी और पुत्र के द्वारा चरण स्पर्श करते हुए माफी मांगी और सेवा करते रहने का संकल्प पुलिस पंचायत के समक्ष किया।

# खेलो इंडिया के लिए बिजली कंपनी की तैयारी

**इंदौर/जन प्रकाशन**

शहर में 30 जनवरी से 11 फरवरी तक आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम के आयोजनों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बिजली वितरण कंपनी की ओर से भी तैयारी की जा रही है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के शहर अधीक्षण यंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि प्रबंध निदेशक अमित तोमर के आदेश पर इंदौर टेबल टेनिस क्लब, बॉस्केट बाल कॉम्प्लेक्स, अभय प्रशाल, एमराल्ड हाइट्ज इंटरनेशनल स्कूल आदि क्षेत्रों से संबद्ध 33 केवी, 11 केवी फीडरों की सघन पेट्रोलिंग कराई जा रही है। संबंधित क्षेत्रों में बिजली के जरूरी कार्य अगले चार दिनों में पूर्ण करने के लिए कार्यपालन यंत्रियों विनय प्रताप सिंह, योगेश आठनेरे को दायित्व सौंपे गए है। इन स्थानों पर खेलो इंडिया यूथ गेम के तहत बॉस्केट बॉल, फुटबॉल, कबड्डी, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, वेट लिफ्टिंग आदि प्रतियोगिताएं होगी।

जन प्रकाशन

## कृषि उपज मंडी समिति के कार्यालय में व्यापारी और किसान के बीच हुई झूमाझटकी व मारपीट

# व्यापारियों ने किया मंडी बंद का ऐलान





**उज्जैन/जन प्रकाशन**

**अमृत बेंडवाल।** उज्जैन के आगर रोड़ स्थित कृषि उपज मंडी समिति के कार्यालय में व्यापारी और किसान के बीच झूमाझटकी करते हुए मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद किसान पर एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। बुधवार को व्यापारियों ने मंडी बंद का ऐलान कर दिया। जिससे नाराज होकर किसानो ने मंडी के सामने मुख्य चौराहे पर चक्का जाम कर एफआईआर वापस लेने और मंडी चालु रखने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर चक्का जाम कर दिया।

कृषि उपज मंडी समिति के कार्यालय में मंगलवार को सोयाबीन बेचने आए ग्राम जवासिया निवासी किसान महेंद्र सिंह ने अपनी सोयाबीन का सौदा आरबी इंडस्ट्रीज के व्यापारी अभिषेक जैन के साथ किया था। जब सोयाबीन का तोल गोडाउन पर हुआ तो व्यापारी को सोयाबीन की क्वालिटी में अंतर दिखाई दिया। मामला मंडी समिति तक पहुंचा था। व्यापारी का कहना था कि सोयाबीन गोडाउन पर तुलने आई तो क्वालिटी में अंतर था। हालांकि सचिव शर्मा ने किसान महेंद्र सिंह का भुगतान भी करा दिया था। इसके बाद फिर दोनो के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मंडी समिति के कार्यालय में व्यापारी व उसके स्टॉफ के साथ किसान महेंद्र सिंह के बीच पहले झूमा झटकी हुई फिर हाथापाई हो गई थी। पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैद हुआ था । व्यापारियों ने बुधवार को मंडी में नीलामी बंद रखने का निर्णय लिया था।मामले में किसान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

बुधवार को 300 से अधिक किसान अपनी उपज बेचने पहुंचे तो यहाँ मंडी बंद मिली। जिसके बाद किसानों को मंगलवार को हुए विवाद की जानकारी मिली और इसमें भारतीय किसान संघ ने भी किसानों का समर्थन करते हुए। मंडी गेट के सामने चक्का जाम कर दिया। जाम के दौरान बड़ी संख्या में किसान सड़क पर बैठकर नारेबाजी करते मंडी चालु कर किसान पर हुई एफआईआर को वापस लेने और व्यापारी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग करने लगे। चक्का जाम को लेकर प्रशासन के अधिकारी किसानो से बात करने पहुंचे लेकिन बात नहीं बनी तो जमा करीब 3 घंटे तक चलता रहा।

## अविष्कार एग्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सिग्नल मध्य प्रदेश 2023 का

# तीन दिवसीय विज्ञान एग्जीबिशन का हुआ शुभारंभ




**उज्जैन/जन प्रकाशन**

**अमृत बेंडवाल।** 18 जनवरी बुधवार को अविष्कार एग्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सिग्नल मध्य प्रदेश 2023 का तीन दिवसीय विज्ञान एग्जीबिशन का शुभारंभ हुआ, कालिदास अकादमी में अविष्कार एग्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के अभिनव तिवारी एवं मनी तिवारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया एग्जीबिशन के शुभारंभ के मौके पर दीप प्रज्वलित उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव, उज्जैन आलोट सांसद अनिल फिरोजिया, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, उज्जैन शहर भाजपा अध्यक्ष विवेक जोशी, उज्जैन ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष बहादुर सिंह बोर मुंडला के द्वारा किया गया। अविष्कार एग्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आजादी का अमृत उत्सव के रूप में इस अविष्कार एजुकेशन मेले का आयोजन किया गया है।

एग्जीबिशन में मुख्य रूप से अनुसंधान एवं विकास , स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अवसंरचना विकास, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, पर्यावरण एवं वन, हथकरघा एवं हस्तशिल्प पर फोकस है और इन्हीं से जुड़े व्यवसायियों ने इसमें हिस्सा लिया है, अपराह् मुद्रा एवम स्मारक सिक्कों का विशेष प्रदर्शन, स्वतंत्रता के 75 वर्ष के उपलक्ष में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में भारत की उपलब्धि, आत्मनिर्भर भारत पर विशेष प्रदर्शनी, पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का प्रदर्शन, इस प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण है।

इस प्रदर्शनी में भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी, जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, मिनिस्ट्री ऑफ फूड प्रोसेसिंग, मिनिस्ट्री ऑफ एग्रीकल्चर, मिनिस्ट्री ऑफ जल शक्ति, सहित कई मंत्रालय ने सपोर्ट किया है।

इस मौके पर डॉ मोहन यादव ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव हम मना रहे हैं, अंग्रेजों ने व्यापार के माध्यम से ही हमें गुलाम बनाया था और माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में स्वदेशी वस्तुओं के माध्यम से हम भारत की नए विकास यात्रा की ओर बढ़ा रहे हैं, इस एग्जीबिशन के माध्यम से हम छोटे-छोटे कामगारों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। स्कूली, कॉलेज के छात्रों को ज्ञान विज्ञान की बातें बताई जा रही है, बड़ी संख्या में छात्रों की उपस्थिति मेले में थी, मेले का आयोजन दिनांक 18 जनवरी से 20 जनवरी तक 3 दिन तक कालिदास अकादमी कोठी रोड उज्जैन में रहेगा।

## महापौर मुकेश टटवाल द्वारा नगर पालिका निगम के सभी वाहनों का किया गया अवलोकन

### उज्जैन शहर को सफाई के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए लिया संकल्प



**उज्जैन/जन प्रकाशन**

**अमृत बेंडवाल।** नगर पालिका निगम उज्जैन के सभी वाहनों का महापौर मुकेश टटवाल द्वारा दशहरा मैदान में अवलोकन किया।अवलोकन के अंतर्गत निगम के स्वास्थ्य विभाग वर्कशॉप आदि विभाग में कार्यरत वाहन चालको का हेल्थ परीक्षण, वाहनों के मेंटेनेंस एवं संधारण के लिए महापौर मुकेश टटवाल द्वारा निर्देशित करते हुए आगामी स्वच्छ सर्वेशन 2023 में उज्जेन को नंबर वन बनाने हेतु जन जागरण की दिशा में जागरुकता के तहत कचरा गाड़ियां का संधारण कार्य, फायर फिग्रेड,आदि के उपयोगिता को महत्वपूर्ण बताते हुए निगम के पुराने वाहनों का उपयोग की प्रशंसा करते हुए वाहनों के संधारण के निर्देश प्रदान किए।अवलोकन के अंतर्गत वाहन चालकों की समस्या एवं सुझाव अमल में लाते हुए उज्जैन शहर को सफाई के क्षेत्र मै अग्रणी बनाने के लिए संकल्प लिया। अवलोकन के दौरान एमआईसी सदस्य रजत मेहता, उपायुक्त संजेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी संजय कुलश्रेष्ठ, वर्कशॉप वाहन प्रभारी विजय गोयल, उमेश बेस आदि उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि पर्व पर सुगम दर्शन के लिये तैयारी प्रारम्भ

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने चारधाम पार्किंग, हरसिद्धि चौराहा, महाकाल लोक, त्रिवेणी संग्रहालय क्षेत्र का दौरा किया



**उज्जैन/ जन प्रकाशन**

महाशिवरात्रि पर्व आगामी 18 फरवरी को आयोजित होगा। इस अवसर पर भगवान श्री महाकालेश्वर के सुगम दर्शन श्रद्धालुओं को हो सके, इसके लिये अभी से जिला प्रशासन व श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रशासन द्वारा तैयारियां करना प्रारम्भ कर दी है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति आशीष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र कुमार शुक्ल द्वारा अधिकारियों के साथ आज त्रिवेणी संग्रहालय की पार्किंग से लेकर चारधाम पार्किंग, नृसिंह घाट क्षेत्र, हरसिद्धि चौराहा, महाकाल लोक का भ्रमण कर व्यवस्थाओं के लिये अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री गणेश पटेल को चारधाम पार्किंग एवं त्रिवेणी संग्रहालय से लेकर श्री महाकालेश्वर मन्दिर तक के लिये विभिन्न स्थानों पर लगने वाले बैरिकेट्स तैयार करने के लिये निर्देशित किया है। कलेक्टर ने कहा है कि दर्शन के लिये तीन लाइन चलाई जायेगी, इस हिसाब से ही बैरिकेट की आवश्यकता का आंकलन किया जाये। भ्रमण के दौरान नगर निगम आयुक्त रोशन कुमार सिंह, एडीएम संतोष टैगोर, महाकाल प्रशासक संदीप सोनी, स्मार्ट सिटी सीईओ आशीष पाठक, एएसपी अभिषेक आनन्द, एसडीएम कल्याणी पाण्डे सहित पुलिस एवं प्रशासन के विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने त्रिवेणी संग्रहालय से चारधाम मन्दिर के बीच बन रही स्मार्ट सिटी की फोरलेन सड़क का निरीक्षण किया एवं निर्देश दिये कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य महाशिवरात्रि के पूर्व पूर्ण कर लिया जाये। इस मार्ग का उपयोग इस बार महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के लिये किया जायेगा। कलेक्टर ने इसके बाद चारधाम पार्किंग एवं नूतन स्कूल के पीछे गौंड बस्ती वाली लाइन से नृसिंह घाट को जोड़ने वाले मार्ग का निरीक्षण किया तथा नृसिंह घाट वाले क्षेत्र की ओर कनेक्टिविटी के लिये तैयार की जा रही सड़क को भी समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने जूता स्टेण्ड निर्माण करने के लिये चारधाम पार्किंग के स्थान का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने चारधाम पार्किंग, त्रिवेणी संग्रहालय के निकट की पार्किंग पर झिकझेक बनाने के लिये भी निर्देश दिये हैं।

# पति ने लाइसेंसी बंदूक से पत्नी पर चलाई गोली, पत्नी गंभीर रूप से घायल

### आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार



चंकि बाजपेयी
सिटी रिपोर्टर



**इंदौर/ जन प्रकाशन**

इंदौर में पारिवारिक विवाद के चलते पति ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से पत्नी पर गोली चला दी।वह तो गलीमत रही गोली पैर में लगी। घायल अवस्था में महिला को उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है वहीं पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मामला कनाडिया थाना क्षेत्र के झलारिया गांव में रहने वाले विनोद दुबे नामक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी बबली पर लाइसेंसी बंदूक से गोली चला दी।गोली महिला के पैर में जा लगी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई ।सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया ।वहीं घेराबंदी कर आरोपी पति विनोद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।फिलहाल पुलिस को लाइसेंसी बंदूक बरामद नहीं हुई है वही शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि विनोद निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है घर में अधिक शराब पीकर विवाद करता था जिसके बाद परिजनों ने उसे घर से निकाल दिया था।घर में घुसने ना देने की बात को लेकर ही विनोद ने अपनी पत्नी पर गोली चला कर हमला किया।हालांकि पहले भी इस तरह की घटना को आरोपी अंजाम दे चुका है लेकिन उसके बावजूद भी उसकी बंदूक का लाइसेंस निरस्त नहीं किया गया जिसके चलते कई तरह के सवाल खड़े किए जा रहे हैं?

## जनसुनवाई में सैकड़ों नागरिकों की समस्याओं का निराकरण

# दिव्यांग को दोपहिया वाहन के रूप में मिला जीने का सहारा

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

कलेक्टर कार्यालय में हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में बड़ी संख्या में समस्याओं निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी सहित अन्य अफ़सर जनसुनवाई में सैकड़ों नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका संवेदनशील होकर निराकरण कर रहे हैं। जनसुनवाई में जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। जनसुनवाई से अनेक जरूरतमंदों को जीने का नया सहारा मिल रहा है।

जनसुनवाई में कुम्हारखाड़ी निवासी माया सेन पहुंची। उसने कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी को अपनी समस्याएं बतायी। उसने बताया कि उसके पति नागूलाल सेन और मेरा एक बेटा दोनों दिव्यांग है। हमारी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। मेरे पास आय का कोई साधन नहीं है। कलेक्टर ने गंभीरता से उसकी बात को सुना तथा कहा कि तुम्हें मोटोराइज्ड दो पहिया दिलवा देते हैं। इस वाहन पर पीछे एक छोटी ट्राली लगाकर कुछ भी व्यवसाय करके जीवन व्यापन कर सकते हो। यह बात उसके पति नागूलाल और उसे समझ आ गयी। वाहन लेने को वह तैयार हो गयी। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को हाथोहाथ वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी तरह रोजगार की तलाश में आयी ममता राठौर को भी कलेक्टर ने इसी तरह का वाहन रोजगार के लिए देने के निर्देश दिए। इन दोनों परिवारों को इससे जीने का नया सहारा मिल गया। इसी तरह एक ग्यारह वर्षीय बालिका को लेकर उसके परिजन पहुंचे। उन्होंने बताया कि इसे शुगर की बीमारी है। इंसुलिन पर बेहद खर्चा होता है। कलेक्टर ने रेडक्रास से तत्काल दस हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस बालिका का विशेषज्ञों के माध्यम से बेहतर से बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए। इसी तरह जनसुनवाई में परदेशीपुरा निवासी माया पति स्व. जगदीश भी पहुंची। इसने बताया कि उसके पति का निधन हो गया है। मेरे पास रोजगार का कुछ साधन नहीं है। मैं अपना जीवन व्यापन करने के लिए कुछ छोटा-मोटा व्यवसाय करना चाहती हूं, परंतु मेरे पास हाथ-ठेला नहीं है। कलेक्टर ने तुरंत ही हाथ-ठेला क्रय करने के लिए तीन हजार रूपये की राशि रेडक्रास से स्वीकृत की। इसी तरह छत्रीबाग निवासी प्रीति पोरवाल को भी छोटा-मोटा व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए तीन हजार रूपये की आर्थिक मदद स्वीकृत की गयी। जनसुवाई की सार्थकता इन प्रकरणों से साबित हो रही है।



# कोकिलाबेन हॉस्पिटल का शुभारंभ



### मुख्यमंत्री ने कोकिलाबेन हॉस्पिटल के शुभारंभ पर दी शुभकामनाएँ

### नई दिल्ली से वर्चुअली शामिल हुए मुख्यमंत्री

### प्रख्यात अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कोकिलाबेन अस्पताल का उद्घाटन किया

### अमिताभ बोले सबसे स्वच्छ इंदौर सबसे स्वस्थ इंदौर भी बने।

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

इंदौर में आज सर्व सुविधायुक्त कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल का लोकार्पण किया गया। प्रख्यात अभिनेता अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के अलावा कोकिलाबेन अस्पताल के लोकार्पण कार्यक्रम में अनिल अंबानी और टीना अंबानी भी शामिल हुए। कोकिला बेन ने वर्चुअली जुड़कर गुजराती में संबोधित किया। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अस्पताल ऐसा बने जहाँ पर लोग अगर रोते हुए आंये तो वापस हँसते हुए जाएँ।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में अस्पताल के शुभारंभ पर शुभकामनाएं दी और कहा कि इससे इन्दौर और मध्यप्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई सुविधा हासिल हो गई है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा है कि कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल का इंदौर में शुभारंभ होने से प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलेंगी। यह उच्च कोटि का अस्पताल है। मुख्यमंत्री चौहान ने अम्बानी परिवार के मध्य प्रदेश से लगाव पर आभार जताया और अनिल अम्बानी के मित्रवत व्यवहार का विशेष उल्लेख किया। मुख्यमंत्री चौहान आज नई दिल्ली से इंदौर में हॉस्पिटल के लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि उद्योगपति अनिल अंबानी द्वारा इंदौर को चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत बड़ी सौगात दी गई है। उन्होंने प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए अंबानी को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आपके लिए, मेरे और मध्यप्रदेश के द्वार सदैव खुले हुए हैं। आप मध्यप्रदेश की जनता के लिए इसी तरह आगे भी सुविधाएँ उपलब्ध कराते रहें। आप जहाँ भी रहे, हमेशा मध्यप्रदेश वासियों के दिलों में रहोगे। आप प्रदेश के लिए शुभंकर हैं।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मैं कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से शामिल होना चाहता था परंतु आवश्यक कार्य होने से वर्चुअली जुड़ रहा हूँ। मैं जब इंदौर आऊँगा तो हॉस्पिटल का भ्रमण जरूर करूँगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मनुष्य का पहला सुख निरोगी काया होता है। स्वस्थ शरीर के लिए हमारे यहाँ योग, प्राणायाम, व्यायाम जैसी कई तरह की व्यवस्थाएँ हैं। बीमार पड़ने पर अच्छे हॉस्पिटल की सुविधाएँ भी जरूरी होती हैं। इसके लिए यह हॉस्पिटल उपयोगी साबित होगा। इंदौर प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी भी है। मुख्यमंत्री चौहान ने कार्यक्रम में उपस्थित कोकिलाबेन अंबानी, फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, टीना अंबानी और राजेश मेहता का भी आभार व्यक्त किया।

उद्घाटन के बाद अमिताभ बच्चन ने कहा कि इंदौर आकर मुझे अत्यंत आनंद की अनुभूति हो रही है। ये भारत का सबसे स्वच्छ शहर है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि इंदौर देश का सबसे स्वस्थ शहर भी बने। अमिताभ बच्चन ने आगे कहा उद्घाटन के लिए बहुत सही आदमी को चुना है। 1950 से अभी तक शायद ही कोई ऐसा शख्स होगा, जिसने इतने अस्पताल देखे होंगे। इन डॉक्टरों की वजह से ही मैं आज आपके सामने खड़ा हूं। अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कहा कि मुझे भारत के चिकित्सकों पर पूरा भरोसा है और अतीत में मुझे हर बार यहाँ के डॉक्टरों ने बचाया।

कार्यक्रम में बताया गया कि अस्पताल में कई जटिल ऑपरेशन भी आसानी से किए जाएंगे। खासकर रोबोटिक सर्जरी को लेकर इस अस्पताल में बेहतर सुविधाएं दी गई हैं। टीना अंबानी ने कहा कि इंदौर में निपानिया में हमारा नया अस्पताल यहां आने वाले हर मरीज को बेहतर और गुणवत्ता पूर्ण देखभाल प्रदान करेगा।

### टीना अंबानी ने की इंदौर की तारीफ

अस्पताल के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए अस्पताल की चेयरमैन टीना अंबानी ने इंदौर की स्वच्छता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि देश की क्लीनेस्ट सिटी इंदौर भविष्य की उड़ान को तैयार है। ये न्यू इंडिया का सही उदाहरण है। कार्यक्रम में संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा, कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी और पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र भी उपस्थित थे।

# परिवार पेंशन के संबंध में बिजली कंपनी ने दी नई सुविधा

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

कर्मचारी कल्याण व सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के लिए प्रयास करते हुए मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर के निर्देश पर परिवार पेंशन के संबंध में नई सुविधा प्रदान की है। इससे किसी पेंशनर के दिवंगत होने के बाद परिवार पेंशन के लिए पात्र व्यक्ति को आसानी होगी।

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक रिंकेश कुमार वैश्य ने बताया कि किसी पेंशनर के दिवंगत होने के बाद नामित परिजन को परिवार पेंशन की पात्रता है। किसी पेंशनर के दिवंगत होने के बाद अब तक परिजन को नया खाता खुलवाने, मृत्यु प्रमाण पत्र लाने और संबंधित परिजन के जीवन प्रमाण पत्र के लिए स्वयं के उपस्थित होने की बाध्यता थी। अब परिजन मेल, वाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से मृत्यु प्रमाण पत्र भेजने और फेस एप से स्वयं के जीवन का प्रमाणीकरण देने व दिवंगत के साथ बैंक में संयुक्त खाते की जानकारी देने या खाता नहीं होने पर नया खाता खुलाकर जानकारी भेज सकते है। इसके बाद परिवार पेंशन नियमानुसार बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचे बगैर प्रारंभ कर दी जाएगी। मुख्य महाप्रबंधक वैश्य ने बताया कि इस कार्य के लिए कंपनी स्तर पर जिम्मेदारी संयुक्त सचिव संजय मालवीय को सौंपी गई है, वे परिजनों को परिवार पेंशन आसानी से मिले, इसके लिए सभी विभागीय कार्य करेंगे।



# कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स की व्यवस्थाओं के लिये अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

इंदौर में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। इंदौर में खेलों का यह महा-कुंभ 30 जनवरी से प्रारंभ होगा और 10 फरवरी तक चलेगा। इस आयोजन के तहत इंदौर में बॉस्केटबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस और वेट लिफ्टिंग की प्रतियोगिताएं होंगी।

अपर कलेक्टर अभय बेडेकर ने बताया है कि अभय प्रशाल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 30 जनवरी से तीन फ़रवरी के बीच टेबल टेनिस की प्रतियोगिता होगी। 31 जनवरी से चार फ़रवरी तक की अवधि में बास्केटबॉल कॉम्पलेक्स में बास्केटबाल की प्रतियोगिता होगी। एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में एक फ़रवरी से 10 फ़रवरी के बीच फुटबाल की प्रतियोगिता खेली जायेगी। अभय प्रशाल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 5 फरवरी से 9 फ़रवरी के बीच कबड्डी का आयोजन होगा। इंदौर टेनिस क्लब में 06 फ़रवरी से 10 फ़रवरी के तक लॉन टेनिस की प्रतियोगिता होगी। बास्केटबाल काम्पलेक्स में वेटलिफ़्टिंग की प्रतियोगिता 6 फ़रवरी से 9 फ़रवरी की अवधि में आयोजित की गई है।

खिलाड़ियों का आगमन का सिलसिला 26 जनवरी से प्रारंभ हो जायेगा। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने आयोजन की विभिन्न गतिविधियों के प्रबंधन एवं व्यवस्था हेतु विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। अपर कलेक्टर अजय देव शर्मा को समस्त व्यवस्थाओं के लिए समन्वय अधिकारी बनाया गया है। वहीं डॉ. अभय बेडेकर आयोजन में खानपान व्यवस्था के प्रभारी रहेंगे। अपर कलेक्टर राजेश राठौर समस्त वेन्यू के प्रभारी रहेंगे। इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ आर.पी. अहिरवार समस्त आयोजन स्थलों के सुपरविज़न का कार्य सौंपा गया है। इसी तरह प्रबंधक मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी रिंकेश वैश्य को बास्केटबॉल कॉम्पलेक्स, अपर कलेक्टर एनवीडीए सपना अनुराग जैन को अभय प्रशाल, क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम कीर्ति खुरासिया को एमराल्ड हाइट्स, अपर आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत को इंदौर टेनिस क्लब की व्यवस्थाओं का दायित्व सौंपा गया है। इनके साथ डिप्टी कलेक्टर, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारियों को भी तैनात किया गया है।

अपर कलेक्टर सपना लोवंशी को परिवहन व्यवस्था, अपर कलेक्टर अजय देव शर्मा को विमानतल पर विभिन्न व्यवस्थाओं का प्रभारी बनाया गया है। रेलवे स्टेशन पर तहसीलदार भास्कर गाचले को तथा संयुक्त कलेक्टर राजेंद्र सिंह को प्लेटफार्म नंबर 5 से 6 रेलवे स्टेशन की जवाबदारी दी गई है। इसी तरह एसडीएम देपालपुर रवि वर्मा को सरवटे बस स्टैंड, एसडीएम अक्षय सिंह मरकाम को तीन इमली बस स्टैंड, एसडीएम प्रिया वर्मा को एआईसीटीएसएल बस स्टैंड की जवाबदारी दी गई है। चिकित्सा व्यवस्था की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या के पास रहेगी। इसी तरह अन्य विभागों के अधिकारियों को भी दायित्व सौंपे गए हैं।



# इंदौर में नए वर्ष में बदमाशों की लिस्ट अपडेट हुई

## थाने स्तर पर बदमाशों के लिए निगरानी टीम बनाई गई



**इंदौर/ जन प्रकाशन**

**चंकि बाजपेयी।** मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में कमिश्नर प्रणाली लागू हुए करीबन 1 वर्ष से अधिक हो चुका है और इसी के तहत तमाम तरह के अलग-अलग ऑपरेशन चलाकर पुलिस द्वारा अवैध हथियार ,ड्रग्स तस्कर सहित अन्य अपराधों पर लगाम कसने को लेकर बदमाशों पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया और इसी के तहत नए वर्ष 2023 में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बैठक आयोजित कर अपराधियों पर लगाम कसने के लिए लिस्ट तैयार की जा रही है।

दरअसल इंदौर में अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस द्वारा कई तरह के कार्य किए जा रहे हैं और इसी के तहत वर्ष 2023 के शुरुआती माह में पुलिस विभाग द्वारा अपराधियों पर कार्रवाई के साथ ही अपराधिक गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान आगामी दिनों में लिस्टेड बदमाशों से लेकर चाकूबाजी की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की एक लिस्ट शहर के तमाम थानों में तैयार की जा रही है। इसको लेकर इंदौर के डीसीपी संपत उपाध्याय द्वारा बताया गया कि आला अधिकारियों द्वारा उचित दिशा निर्देश के अनुसार प्रत्येक थाना क्षेत्र में निर्देश जारी किए गए हैं जिसके तहत गुंडे बदमाशों की लिस्ट तैयार की जा रही है।लिस्ट में उन गुंडों को जोड़ा जा रहा है जो कि लगातार अपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित है तो वहीं उन गुंडों को लिस्ट से बाहर भी किया जा रहा है।जिनका करीबन 7 से 8 वर्ष में किसी तरह का कोई अपराध नहीं है और जो बदमाश बाउंड ओवर की कार्रवाई के बाद लगातार अपराध की लिस्ट में नहीं आए उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा तो वही जिन बदमाशों द्वारा बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई थी वह अगर अपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित हैं तो उनका नाम लिस्ट में शामिल किया जाएगा और ऐसे बदमाशों की निगरानी के लिए हर स्तर पर टीम भी बनाई गई है जो इन बदमाशों पर निगरानी के साथ ही यदि क्षेत्र में किसी तरह का कोई अपराध होता है कार्रवाई को अंजाम देती है।

# इंदौर स्वास्थ्य विभाग को मिले कोविशिल्ड के क़रीब 30 हजार डोज़



डॉक्टर तरुण गुप्ता
मुख्य टीकाकरण अधिकारी स्वास्थ विभाग इंदौर



**इंदौर/जन प्रकाशन**

**जितेंद्र माथुर।** वर्तमान हालात को देखते हुए करोना के बढ़ते खतरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों से बूस्टर डोज लगाने के लिए गुहार लगा रहा था हालांकि इंदौर में को वैक्सीन का बूस्टर डोज तो उपलब्ध था लेकिन कोविशिल्ड की उपलब्धता नहीं थी अब इंदौर में कोविशिल्ड के 30 हजार डोज़ स्वास्थ्य विभाग को मिल गए हैं जिसके चलते अब शहर के सरकारी सेंटरों पर निशुल्क बूस्टर डोज लगाया जा रहा है और साथ ही साथ यह डोस उन संस्थाओं को भी मुहैया कराया जा रहा है जहां लोग पहले से टीका लगवा रहे थे बूस्टर डोज को लेकर इंदौर के लोगों में काफी जागरूकता नजर आ रही हैं अब लोगो को लग सकेगा कोविशील्ड।

30 हज़ार डोज़ हुए प्राप्त...जिसे निगम के 19 नगर निगम झोन और स्वास्थ विभाग द्वारा लगाए गए सेंटरों पर सुबह 9 से 4 बजे तक टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

स्वास्थ विभाग के मुख्य टीकाकरण अधिकारी ने लाखों का आंकड़ा ऐसे लोगों का बताया जिन्होंने अभी तक प्रिकॉशन डोज़ भी नहीं लगवाया है मीडिया के माध्यम से डॉ गुप्ता ने अपील करते हुए डोज़ और टीकाकरण केंद्रों की विस्तृत जानकारी दी...

इंदौर में पिछले दिनों कोविड के केस में कमी आई थी और लोग बेफिक्र हो गए है लेकिन फिर नए वेरिएंट की दहशत ने लोगों को डरा दिया और स्वास्थ्य विभाग भी फिर से अलर्ट मोड़ पर आ गया।अभी हाल ही में इंदौर में प्रवासी भारतीय सम्मेलन संपन्न हुआ है जिसमें विदेशों से आए लोग शामिल हुए थे अब शहर के लोग फिर से वेक्सीन लगवाने सेंटर पहुच रहे है।

चीन में फैले कोरोना संक्रमण के चलते भारत में भी चिंता बढ़ गई है। लिहाजा कोरोना वैक्सीनेशन के प्रीकॉशन डोस को लेकर लोग जागरूक हुए हैं...आलम यह है कि इंदौर में अब लोग प्रीकॉशन डोस लगवाने वैक्सीनेशन सेंटर्स पर पहुंच रहे हैं...आपको बता दे कि इंदौर में अब तक 30 लाख लोगों ने कोरोना के दोनों डोज लगवाए हैं, जबकि इनमें से सिर्फ 4 लाख 94 हजार लोगों ने ही प्रीकॉशन डोस लगवाया है। वहीं जब कोरोना संक्रमण के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे तो वैक्सीनेशन सेंटर्स पर प्रीकॉशन डोस लगवाने वाले लोगों की संख्या एक बार फिर बढ़ने लगी है। हालांकि जिले में कोविशिल्ड वैक्सीन की कमी के कारण लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा था। वहीं स्वास्थ्य विभाग की माने तो फिलहाल 30 हजार कोविशिल्ड वैक्सीन बुलवाई गई है, जिसे अलग-अलग सेंटर्स पर भेज दिया गया है। बता दे कि जिले में 25 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्होने प्रीकॉशन डोस नहीं लगवाई है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रीकॉशन डोज के लिए 39 सेंटर्स बनाए हैं।

# प्राणी संग्रहालय में जू एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम

## 60 प्रजातियों के 150 पक्षी, बंदर और एनाकोंडा जैसे विशाल रेप्टाइल देखने को मिलेंगे

### जाम नगर के ग्रीन जूलॉजिकल गार्डन भेजे कई जंतू बदले में इंदौर को दुर्लभ प्रजाती के जीव मिलेंगे




**इंदौर/जन प्रकाशन**

**जितेंद्र माथुर।** इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय से एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जल्द ही दुर्लभ प्रजातियों के पक्षी, बंदर और एनाकोंडा सहित कई प्रजातियों के सांप देखने को मिलेंगे। इंदौर जू से 5 शेर, 5 टाइगर, 8 घड़ियाल और एक जोड़ी लोमड़ी को जामनगर के ग्रीन जूलॉजिकल गार्डन भेजा गया.. यहां की 25 सदस्यीय टीम विशेष एनिमल एंबुलेंस से लेकर इंदौर जू से वन्य प्राणी लेकर रवाना हुई।

देश में विभिन्न प्रजातियों के वन्य जीवों के लिये मशहूर इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में आने वाले दिनों में 60 प्रजातियों के 150 पक्षी, बंदर और एनाकोंडा जैसे विशाल रेप्टाइल देखने को मिलेंगे। दरअसल सेंट्रल जू अथॉरिटी के तय मापदंडों के अनुसार इंदौर जू का जामनगर के ग्रीन जूलॉजिकल गार्डन के साथ एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम हो रहा है। इसके तहत इंदौर जू से 5 शेर, 5 टाइगर, 8 घड़ियाल और एक जोड़ी लोमड़ी को जामनगर ग्रीन जूलॉजिकल गार्डन भेजा गया है । विशेषज्ञों की निगरानी में इंदौर जू से ये वन्य प्राणी रवाना किए गए। इनके बदले नए दुर्लभ प्रजातियों के पक्षी, बंदर और एनाकोंडा सहित कई प्रजातियों के रेप्टाइल, मैमल्स, बड्र्स इंदौर जू आएंगे। दरअसल इंदौर जू में बाघ और शेरों की संख्या ज्यादा हो गई है.. ऐसे में इनकी ब्रीडिंग की संभावना और अधिक बढ़ गई थी। इसे देखते हुए सेंट्रल जू अथॉरिटी ने शेर और बाघों का अन्य चिड़ियाघरों के साथ एक्सचेंज करने के निर्देश दिए थे और इसके तहत जामनगर ग्रीन जूलॉजिकल गार्डन के साथ एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम किया जा रहा है।

इस एक्सचेंज के तहत इंदौर जू में विदेशी प्रजातियों के कई पक्षियों आएंगे। इसके अलावा 4 प्रजाति के बंदर और यलो व ग्रीन एनाकोंडा सहित कई प्रजातियों के सांप इंदौर जू आएंगे। चिड़ियाघर में इन वन्य जीवों को रखने के लिए व्यवस्था शुरू कर दी गई है। माना जा रहा है कि इस महीने के अंत तक या अगले महीने की शुरुआत में इंदौर जू में नए वन्य प्राणी आ जाएंगे।

# उज्जैन में खेलो इंडिया के तहत प्रतियोगिताएं

**उज्जैन/जन प्रकाशन**

उज्जैन में खेलो इंडिया के तहत 1 से 3 फरवरी तक योगासन प्रतियोगिताएं 6 से 10 फरवरी तक मलखंब प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। 21 जनवरी को टॉर्च रैली आयोजित की जायेगी इसको लेकर कलेक्टर आशीष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र कुमार शुक्ल ने माधव सेवा न्यास के सभागृह में खेलो इंडिया प्रतियोगिता के लिये नियुक्त किये गये फील्ड एरिया प्रमुखों की बैठक ली तथा निर्देश दिये कि सभी फील्ड एरिया प्रमुख खेलों के आयोजन में गंभीरता से ले खेलो इंडिया आयोजन के तहत प्रदेश के आठ शहरों में खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स ओपनिग और समापन भोपाल में है।

इसमें उज्जैन शहर में योग व मलखंब की प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है। खेलो इंडिया का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में छुपी खेल प्रतिभाओं को तराशने का है। 18 वर्ष से कम



आयु के बच्चों का विश्व स्तर का खेल अनुभव कराते हुए उन्हें एक्सपोजर देना है। देश के कोने-कोने में छुपी खेल प्रतिभाओं की खोज इस अभियान का उद्देश्य है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत उज्जैन शहर में एक से 3 फरवरी तक राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रतियोगिताएं एवं 6 से 10 फरवरी तक मलखंब प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। इसमें सम्पूर्ण देश से 18 वर्ष से कम आयु के 500 से अधिक छात्र प्रतियोगिता में भाग लेंगे। स्मार्ट सिटी नगर निगम को खेल विभाग ब्रांडिंग करेगे। सेल्फी I love मलखंभ योग पॉइंट महाकाल लोक में लगाया जाएगा।

खिलाड़ियों को महाकाल के मंदिर के दर्शन करवाए जायेंगे आने वाले खिलाड़ियों को महाकाल समिति सम्मान भी करके लड्डू का प्रसाद भी देगी। उज्जैन खेल संघटन के सभी पदाधिकारी शामिल हुवे। खेलो इंडिया के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का सीधा प्रसारण हॉटस्टार व डिजनी पर किया जा रहा है। दोनों ही प्लेटफार्म पर स्पर्धा को देखने के लिये सर्वाधिक लोग जुड़ रहे हैं। खेलो इंडिया स्पोर्ट्स ओलम्पिक के बाद सबसे ज्यादा रीच वाला कार्यक्रम बन गया है। कलेक्टर ने इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी ट्रांसपोर्टेशन, आवास एवं भोजन व्यवस्था से जुड़ी है वे माइक्रो प्लानिंग कर अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेगे। उन्होंने श्री महाकाल महालोक में खेलो इंडिया की ब्राण्डिंग ठीक से करने के लिये कहा है। 21 जनवरी को शाम 4 बजे आयोजित होने वाली टॉर्च रैली का आयोजन टॉवर से शुरू कर चामुण्डा माता, देवासगेट, मालीपुरा, गुदरी होते हुए माधव सेवा न्यास पर इसका समापन करने के लिये कहा है। साथ ही इस रैली से शहर में वातावरण बनाने के लिये अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने का आव्हान किया है। कलेक्टर ने आवास व्यवस्था के लिये नियत की गई 16 होटल्स में प्रत्येक होटल में एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा स्टेट लेवल के कॉर्डिनेशन के लिये दो हेल्पलाइन नम्बर जारी करने के निर्देश दिये हैं। सभी खिलाड़ियों का एवं खेल अधिकारियों का प्रॉपर रजिस्ट्रेशन कर उन्हें पास जारी करने व बाहर से आने वाले खिलाड़ी एवं आगन्तुकों को श्री महाकालेश्वर दर्शन के लिये भी नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिये हैं।

# शुभमन गिल की धमाकेदार डबल सेंचुरी
# भारत ने पहला वनडे 12 रन से जीता




एजेंसी/ हैदराबाद

शुभमन गिल की डबल सेंचुरी के दम पर टीम इंडिया ने 3 मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड को 12 रन से हरा दिया। न्यूजीलैंड की ओर से माइकल ब्रेसवेल ने 78 गेंद पर 140 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इस जीत से मेजबान टीम सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। इस फॉर्मेट में भारतीय टीम 4 साल बाद न्यूजीलैंड को हरा सकी है। इससे पहले 2019 में भारत ने न्यूजीलैंड को हराया था। उसके बाद से 8 मुकाबले खेले गए, लेकिन टीम इंडिया को जीत नहीं मिली। हैदराबाद में बुधवार को भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 349 रन बनाए। गिल ने वनडे करियर की बेस्ट पारी खेली। वे 149 गेंदों में 208 रन बनाकर आउट हुए। गिल ने हार्दिक पंड्या (28 रन), सूर्यकुमार यादव (31 रन) और रोहित शर्मा के साथ अर्धशतकीय साझेदारियां कीं। उन्होंने पंड्या के साथ 5वें विकेट के लिए 74, सूर्या के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन और रोहित के साथ पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। जवाब में न्यूजीलैंड 49.2 ओवर में 337 रन ही बना सकी। माइकल ब्रेसवेल ने वनडे करियर का दूसरा शतक जमाया। जबकि मिचेल सेंटनर (57 रन) ने तीसरी फिफ्टी जमाई। इन दोनों ने 7वें विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की।

एक समय न्यूजीलैंड ने 131 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। तब लगा कि टीम इंडिया बड़े अंतर से जीतेगी, लेकिन ब्रेसवेल-सेंटनर की साझेदारी ने न्यूजीलैंड को मैच में वापस ला दिया। फिर स्लॉग ओवर में मोहम्मद सिराज ने 46वें ओवर में 2 विकेट झटक कर भारत को आगे कर दिया।

रोमांच यहीं खत्म नहीं हुआ। आखिरी ओवर में कीवियों को 20 रन की जरूरत थी। जबकि भारत को एक विकेट चाहिए था। 50वां ओवर फेंक रहे शार्दुल ठाकुर की पहली बॉल पर ब्रेसवेल ने छक्का मारा। फिर ठाकुर ने वाइड बॉल फेंक दी। शार्दुल ने ओवर की तीसरी बॉल यॉर्कर डाली और ब्रेसवेल इस बॉल पर एलबीडब्ल्यू हो गए।

# हॉकी वर्ल्ड कप में भारत ने वेल्स को 4-2 से हराया




स्पोर्ट्स/ जन प्रकाशन

भारत ने हॉकी वर्ल्ड कप के अपने आखिरी पूल मैच में वेल्स को 4-2 से हरा दिया। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में गुरुवार को भारत की ओर से आकाशदीप सिंह ने 2 गोल किए। जबकि शमशेर सिंह और हरमनप्रीत सिंह की स्टिक से एक-एक गोल आए। इस जीत के बावजूद भारतीय टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंच सकी। अब भारत को क्रॉसओवर मुकाबला खेलना होगा। उसमें जीत मिलने की स्थिति में टीम क्वार्टर फाइनल में जाएगी। भारतीय टीम पूल-डी में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर रही। भारत का क्रॉसओवर मैच 22 जनवरी को पूल-सी में तीसरे स्थान पर रहने वाली न्यूजीलैंड की टीम से होगा। उस मैच में जीत हासिल करने की स्थिति में भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में पूल-बी टेबल टॉपर टीम से भिड़ेगी। पूल-डी से इंग्लैंड की टीम डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है।

# माँ कनकेश्वरी स्पीड स्केटिंग अकादमी के खिलाड़ी ने सीबीएसई वेस्ट जोन नेशनल में जीता सिल्वर मैडल


इंदौर/जन प्रकाशन

पूरी जानकारी देते हुए कोच संजय चावला ने बताया की सीबीएसई वेस्ट जोन नेशनल 2022-23 ,दिल्ली 09.01.2023 से 12.01.2023 में खेली गई | जहा पर माँ कनकेश्वरी स्पीड स्केटिंग अकादमी के खिलाड़ी प्रथम वीरमानी द्वारा सीबीएसई वेस्ट जोन नेशनल दिल्ली में सिल्वर मैडल प्राप्त कर माँ कनकेश्वरी और इंदौर स्केटिंग जगत को गौरान्वित किया।कोच संजय चावला ने कहा कि पहले की लगन और मेहनत से काम किया जाये तो सफलता जरूर आपको मिलती है।स्केटिंग में सिल्वर मैडल के रूप में और माँ कनकेश्वरी स्पीड स्केटिंग अकादमी को बड़े आरसे के बाद कड़ी मेहनत और कठिन परिश्रम से ये सिल्वर मैडल प्राप्त हुआ है।माँ कनकेश्वरी स्पीड स्केटिंग की तरफ से बच्चे को सिरेमिक स्पीड बेअरिंग और हेलमेट दिया गया | विधायक और माँ कनकेश्वरी के अध्यक्ष रमेश मेंदोला,पार्षद राजेंद्र राठौर ,सभापति मुन्ना लाल यादव, जीतेन्द्र सिंह तोमर, शैलेन्द्र यादव, संजय चावला ने उज्जवल भविष्य की कामना की और आगे के लिए बधाई दी।




## मनोरंजन

# सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा इस दिन करेंगे शादी



एजेंसी/ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी उन एक्ट्रेसेस में से एक है, जो अपनी फिल्मों के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में बनी रहती है। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के अफेयर को लेकर कई दिनों से खबरें चल रही हैं। अफेयर बाद अब मीडिया रिपोर्ट्स में इन दोनों की शादी को लेकर दावे किए जाने लगे है। अभी हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी जल्द अगले महीने यानी फरवरी में शादी करने वाले है, इसको लेकर जब पैपराजी ने कियारा से सवाल किया तब उन्होंने ये रिएक्शन दिया।

### शादी की खबर पर कियारा ने दिया ये रिएक्शन

कियारा आडवाणी की अभी हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म मिशन मंजनू की स्पेशल स्क्रीनिंग पर पहुंची थी। इस दौरान पैपराजी ने उनसे कई सवाल किए। इसी में से एक सवाल शादी को लेकर था। पैपराजी ने कहा 6 फरवरी, पर कियारा ने बेहद क्यूट रिएक्शन दिया। जो आते ही सोशल मीडिया पर छा गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की 6 फरवरी को शादी करने वाले है। लेकिन अभी तक इसको लेकर अभी तक कोई अधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। अब देखना होगा कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा अपने इस रिश्ते को कब ऑफिशियल करते है।

### इस दिन रिलीज होगी सिद्धार्थ मल्होत्रा

सिद्धार्थ मल्होत्रा और रश्मिका मंदाना की फिल्म मिशन मंजनू सिनेमाघर में नहीं बल्कि ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। ये फिल्म 19 जनवरी को नेटफ्लिक्स रिलीज होगी। इस फिल्म का फैंस काफी लंबे समय से इंतजार कर रहे है।

# अथिया शेट्टी और केएल राहुल की शादी की तैयारियां शुरू



एजेंसी/ मुंबई

एक्ट्रेस अथिया शेट्टी जल्द ही अपने बॉयफ्रेंड और भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी केएल राहुल के साथ सात फेरे लेने वाली हैं। अथिया और केएल की शादी की तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुनील शेट्टी की बेटी 23 जनवरी को शादी रचाएंगी। अथिया और केएल राहुल की शादी के फंक्शन 3 दिनों तक चलेंगे। बी-टाउन के इस हॉट कपल की शादी की तारीख नजदीक आ गई है, ऐसे में सुनील शेट्टी के घर की सजावट भी शुरू हो गई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि किस तरह बेटी की विदाई के लिए सुनील शेट्टी का घर डेकोरेट हो रहा है।

केएल राहुल और अथिया शेट्टी की शादी की यह तैयारी मुंबई के पाली हिल में हो रही हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस की एक्साइमेंट दोगुनी हो गई है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए अथिया और केएल राहुल को बधाई दी तो वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'यही असली प्यार है।'

### अथिया शेट्टी और केएल राहुल की शादी के फंक्शन

अथिया शेट्टी और केएल राहुल जहां 23 जनवरी को सात फेरे लेंगें तो वहीं 21 और 22 को हल्दी, मेहंदी और संगीत के फंक्शन होंगे। यह कपल सुनील शेट्टी के खंडाला वाले बंगले पर सात फेरे लेने वाला है। हालांकि शादी की खबरों को लेकर अभी तक अथिया शेट्टी और केएल राहुल के परिवार ने कोई जानकारी नहीं दी है।

### अथिया और केएल राहुल का रिश्ता

बता दें कि अथिया शेट्टी और केएल राहुल काफी कई सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अथिया केएल राहुल के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट टूर को भी अटैंड करती हैं। यह दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के प्रति प्यार भी जाहिर करते नजर आ जाते हैं। हाल ही में दोनों दुबई से न्यू ईयर सेलिब्रेट करके लौटे हैं।

# मारुति ने वापस बुलाई 17,362 कारें, एयरबैग कंट्रोलर्स में खराबी



**एजेंसी/ मुंबई**

भारत की सबसे बड़ी ऑटो मैन्युफैक्चरर कंपनी मारुति सुजुकी ने एयरबैग कंट्रोलर्स में खराबी के कारण 17,362 वाहनों को रिकॉल किया है। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, इस रिकॉल से प्रभावित कार मॉडल में 8 दिसंबर, 2022 से 12 जनवरी, 2023 के बीच निर्मित ऑल्टो के10, एस-प्रेसो, ग्रैंड विटारा, ईको, ब्रेजा और बलेनो शामिल हैं।

कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि संभावित डिफेक्ट के कारण वाहन दुर्घटना की स्थिति में एयरबैग और सीट बेल्ट प्रेटेंसर की वर्किंग में परेशानी आ सकती है। कंपनी ने ग्राहकों से सलाह दी कि जब तक खराब पुर्जे को नहीं बदला जाता तब तक वे वाहन न चलाएं। मारुति सुजुकी के अधिकृत वर्कशॉप प्रभावित व्हीकल ओनर्स से संपर्क करेंगे और फ्री में पार्ट बदलेंगे।

### पिछले साल भी वापस बुलाई थी कारें

इससे पहले कंपनी ने 2 से 28 नवंबर 2022 के बीच निर्मित कुल 9,125 गाड़ियों को रिकॉल किया था। इन मॉडल्स में सियाज, ब्रेजा, अर्टिगा, XL6 और ग्रैंड विटारा शामिल थीं। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा था कि फॉल्टी पार्ट का रिप्लेसमेंट फ्री ऑफ कॉस्ट होगा।

पिछले साल मारुति सुजुकी इंडिया ने अपने तीन मॉडलों वैगन आर, सेलेरियो और इग्निस की 9,925 यूनिट भी वापस बुलाई थीं। इसका कारण रियर ब्रेक असेंबली पिन में गड़बड़ी थी। इन व्हीकल्स की मैन्युफैक्चरिंग 3 अगस्त से 1 सितंबर 2022 के बीच की गई थी।

### चार गुना से ज्यादा बढ़ा मुनाफा

मारुति सुजुकी ने सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही के नतीजे बीते दिनों घोषित किए थे। कंपनी का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट साल-दर-साल (YoY) चार गुना से ज्यादा बढ़कर 2,062 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी का रेवेन्यू लगभग 46% बढ़कर 29,931 करोड़ रुपए हो गया, जबकि तिमाही के लिए सेल्स वॉल्यूम पिछले वर्ष की तुलना में 36% बढ़कर 517,395 यूनिट रहा।

# रॉयल एनफील्ड की सुपर मीटियोर-650 लॉन्च



**एजेंसी/ मुंबई**

रॉयल एनफील्ड ने इंडियन मार्केट में फ्लैगशिप क्रूजर सुपर मीटियोर-650 बाइक के प्राइस अनाउंस कर दिए हैं। कंपनी ने इस बाइक को नवंबर 2022 में अनवील किया था। इस बाइक को एस्ट्रल, इंटरस्टेलर और सेलेस्टियल वैरिएंट में लॉन्च किया है। इसकी शुरुआती कीमत 3 लाख 48 हजार 900 रुपए है जो टॉप वैरिएंट में 3 लाख 78 हजार 900 रुपए तक जाती है। यह रॉयल एनफील्ड की सबसे भारी बाइक है। इसका वजन 241 किलोग्राम है।

रॉयल एनफील्ड सुपर मीटियोर 650 कंपनी का तीसरा मॉडल है जो 650cc प्लेटफॉर्म पर बेस्ड है। इसमें इंटरसेप्टर 650 और कॉन्टिनेंटल जीटी 650 वाला ही 648cc पैरेलल-ट्विन 4-स्ट्रोक इंजन दिया गया है। बाइक 7,250 rpm पर अधिकतम 47 ps की पावर और 5,650 rpm पर 52 nm का पीक टॉर्क आउटपुट जनरेट करता है।

इसके इंजन के साथ स्लिपर क्लच असिस्ट 6 स्पीड गियरबॉक्स को जोड़ा गया है। वहीं इसके फ्यूल टैंक की कैपेसिटी 15.7 लीटर है। रॉयल एनफील्ड ने सुपर मीटियोर-650 की बुकिंग शुरू कर दी है। कंपनी इसकी डिलीवरी 1 फरवरी से शुरू करेगी।

### 7 कलर ऑप्शन के साथ अवेलेबल

सुपर मीटियोर-650 के अलग-अलग वैरिएंट में 7 कलर ऑप्शन मिलते हैं। इसका एस्ट्रल वैरिएंट ब्लैक, ब्लू और ग्रीन कलर ऑप्शन के साथ आता है। वहीं इंटरस्टेलर वैरिएंट में ग्रीन और ग्रे कलर ऑप्शन मिलते हैं। इसके अलावा सेलेस्टियल वैरिएंट रेड और ब्लू कलर में अवेलेबल है।

### सुपर मीटियोर-650 का डिजाइन

नई सुपर मीटियोर-650 को मीटियोर-350 की तरह ही क्रूजर डिजाइन दी गई है। हालांकि, इसके हेड और साइड पैनल का डिजाइन थोड़ा नया है और मैट ब्लैक कलर का है। बाइक की मुख्य खासियत उसकी राइडिंग पोजिशन होती है। बाइक पूरी तरह से फुट-फॉरवर्ड फुट कंट्रोल, लो स्कैलप्ड सीट और वाइड पुल-बैक हैंडलबार्स के साथ आती है। रॉयल एनफील्ड का दावा है कि इन सभी डिजाइन चेंजेस से राइडर को यह महसूस होगा कि वे बाइक का हिस्सा हैं।

### सुपर मीटियोर-650 ब्रेकिंग और सस्पेंशन

सुपर मीटियोर-650 में एक स्टील ट्यूबलर स्पाइन फ्रेम चेसिस है। बाइक के फ्रंट में 43mm अप-साइड डाउन फोर्क्स और रियर में ट्विन गैस-चार्ज शॉक एब्जॉर्बर सस्पेंशन सिस्टम दिया गया है। ब्रेकिंग के लिए फ्रंट व्हील में 320mm डिस्क और पीछे की ओर 300mm डिस्क कंट्रोल दिया गया है। इस ब्रेकिंग सिस्टम के साथ डुअल चैनल ABS सिस्टम भी लगाया गया है।

### सुपर मीटियोर-650 एक्सेसरीज

बाइक में बार एंड मिरर, डीलक्स फुटपेग, सोलो फिनिशर, एलईडी इंडिकेटर्स, मशीनी व्हील्स, डीलक्स टूरिंग ड्यूल-सीट, टूरिंग विंडस्क्रीन, पैसेंजर बैकरेस्ट, डीलक्स फुटपेग्स, लॉन्गहॉल पैनियर्स और टूरिंग हैंडलबार समेत कई एक्सेसरीज मिलेंगी। सा.

# पीएम मोदी 71 हजार नवनियुक्त युवाओं को 20 जनवरी को नौकरी के नियुक्ति पत्र देंगे

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

युवाओं को नौकरी देने के वादे को पूरा करने के क्रम में पीएम मोदी 71 हजार नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र देने वाले हैं। अलग-अलग विभागों और सेक्टर्स में युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए केंद्र सरकार तेज गति से काम कर रही है। सरकार इस साल 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की योजना पर काम कर रही है। बता दें कि पीएम मोदी ने नवंबर 2022 में भी ऑनलाइन तरीके से 71 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार 20 जनवरी 2023 को विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए करीब 71,000 लोगों को अप्वाइंटमेंट लेटर वितरित करेंगे। पीएम इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नौकरी पाए युवाओं को संबोधित भी करेंगे। बता दें कि यह कार्यक्रम रोजगार मेला अभियान का हिस्सा है, जिसकी घोषणा उन्होंने पिछले साल युवाओं को नौकरी देने के लिए की थी।

पीएमओ ने कहा कि रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की पीएम की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेला नौकरियां देने में सकारात्मक रूप ले रहा है और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

### इन विभागों और पदों पर काम करेंगे युवा

देशभर के 71,000 लोगों को केंद्र सरकार के तहत जूनियर इंजीनियर, लोको पायलट, टेक्नीशियन, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, जूनियर अकाउंटेंट पदों पर काम करने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही उन्हें ग्रामीण डाक सेवक, आयकर निरीक्षक, शिक्षक, नर्स, डॉक्टर, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जैसे विभिन्न पदों पर भी काम करेंगे।

### नवंबर 2022 में युवाओं को मिले थे नियुक्ति पत्र

पीएम नरेंद्र मोदी ने बीते साल नवंबर महीने में दिल्ली में रोजगार मेला कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 71,056 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे थे। इसके साथ ही पीएम ने नवनियुक्त कर्मियों के लिए 'कर्मयोगी प्रारंभ' ऑनलाइन ट्रेनिंग मॉड्यूल की शुरुआत भी की थी। सा.

# बजट में पेंशन को टैक्स-फ्री करने की उम्मीद




देश में अधिकांश लोग सुरक्षा के अलावा टैक्स बचाने के लिए इंश्योरेंस खरीदते हैं। हमें उम्मीद है कि बजट में सरकार इंश्योरेंस सेक्टर में टैक्स की छूट देकर ज्यादा लोगों तक पहुंचने में मदद करेगी। उम्मीद है कि सरकार पेंशन स्कीम्स को बढ़ावा देने पेंशन/एन्युटी को ग्राहक के हाथ में टैक्स-फ्री कर सकती है। एक विकल्प ये है कि प्रिंसिपल कंपोनेंट के लिए छूट की अनुमति दी जाए। निजी क्षेत्र को एनपीएस के साथ बराबरी की प्रतिस्पर्धा का मौका मिलना चाहिए। धारा 80 डी के तहत छूट के लिए हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम की मौजूदा लिमिट (प्रिवेंटिव मेडिकल चेक-अप लागत समेत) सिर्फ 25,000 रुपए है। ये सीमा बढ़ाए जाने की जरूरत है। कोविड के बीते दो वर्षों ने साबित किया है कि मौजूदा सीमा पर्याप्त नहीं है।

**एजेंसी/ मुंबई**

### इंश्योरेंस सेक्टर में बड़ी राशि के निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा

कुछ साल पहले तक 2.5 लाख प्रीमियम की मैच्योरिटी राशि आयकर की धारा 10(10डी) के तहत कर-मुक्त थी। इसे एक बार फिर कर-योग्य बना दिया गया है। ये फैसला वापस लिया जाना चाहिए। इससे इंश्योरेंस सेक्टर में बड़ी राशि के निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा।

### 1.5 लाख की लिमिट 2 से 2.5 लाख तक बढ़ेगी

आयकर की धारा 80सी के तहत कई निवेश विकल्प शामिल किए गए हैं। मसलन जीवन बीमा प्रीमियम, पीपीएफ, ईएलएसएस, एनएससी, एनपीएस, होम लोन का मूलधन इत्यादि। हमें उम्मीद है कि सरकार इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए अलग बकेट बनाएगी या फिर 1.5 लाख की मौजूदा लिमिट को 2 से 2.5 लाख तक बढ़ाएगी।

### कमीशन पर टीडीएस छूट बढ़ने की उम्मीद

हमें उम्मीद है कि बजट में सरकार आयकर की धारा 194डी के तहत इंश्योरेंस कमीशन पर टीडीएस छूट की सीमा मौजूदा 15,000 रुपए से बढ़ाएगी। इससे इंश्योरेंस एजेंट को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा इंश्योरेंस जैसे प्रोडक्ट्स पर 18% जीएसटी ज्यादा है। कम से कम बेसिक प्रोटेक्शन प्लान शून्य-जीएसटी के तहत लाए जाने चाहिए। सा.

# एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली से 187 अंक लुढ़ककर बंद हुआ सेंसेक्स




**एजेंसी/ मुंबई**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स (बीएसई सेंसेक्स) 187.31 अंक यानी 0.31 फीसदी लुढ़ककर 60,858.43 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी (एनएसई निफ्टी) 57.50 अंक यानी 0.32 फीसदी की टूट के साथ 18,107.85 अंक के स्तर पर क्लोज हुआ। सेक्टोरल इंडिसेज की बात की जाए तो पावर, एफएमसीजी और ऑटो 0.5-1 फीसदी तक लुढ़ककर बंद हुए।

### रुपया 11 पैसे टूटा

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 11 पैसे कमजोर होकर 81.35 के स्तर पर क्लोज हुआ. इससे पिछले सत्र में यह 81.24 के स्तर पर क्लोज हुआ था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक मनोज कुमार चौबे के लिए डीबी कॉर्प लि., 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर-एफ, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित तथा 102-ए, अरण्य स्कीम नं. 78, एस-5, इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक :** मनोज कुमार चौबे (मो. 9200031247) ● RNI No. MPHIN/2013/50913
● डाक पंजीयन क्रं. : MP/IDC/1543/2020-2022 (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र इन्दौर रहेगा)